वर्ष- 02 अंक- 141
छपरा
11 अप्रैल, शुक्रवार 2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## दिल्ली में लैंडिंग के बाद कार्डियक अरेस्ट से पायलट की मौत



**नई दिल्ली,एजेंसी।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक पायलट की मंगलवार (9 अप्रैल) को दिल्ली में कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। यह घटना इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुई, जब पायलट श्रीनगर-दिल्ली फ्लाइट की लैंडिंग के बाद एयरपोर्ट में अन्य फॉर्मेलिटीज कर रहा था। एयरलाइन के मुताबिक, लैंडिंग के बाद पायलट को परेशानी होना शुरू हो गई थी, थोड़ी देर बाद वह बेहोश होकर गिर गया। पायलट को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पायलट का नाम अरमान है। अरमान की उम्र 28 साल थी और हाल ही में उसकी शादी हुई थी। साथी कर्मचारियों ने बताया कि लैंडिंग के बाद पायलट ने कॉकपिट में उल्टी की थी और फिर एयरलाइन के डिस्पैच ऑफिस में कार्डियक अरेस्ट से उसकी मौत हो गई।

## टैरिफ टालने को लेकर ट्रंप के ऐलान से क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आई तेजी

नई दिल्ली,एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के अलावा शेष देशों पर लगाए जाने वाले रेसिप्रोकल टैरिफ को फिलहाल 90 दिनों के लिए टालने का ऐलान करके स्टॉक मार्केट के साथ ही क्रिप्टो करेंसी मार्केट को भी उत्साह से भर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति के इस ऐलान के साथ ही क्रिप्टो करेंसी मार्केट में तेजी आ गई है। दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे लोकप्रिय क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन 8.29 प्रतिशत उछल कर 81,688.96 डॉलर के स्तर पर कारोबार कर रही है। इसके पहले इंट्रा-डे में यह आभासी मुद्रा 83,541 डॉलर के स्तर तक पहुंच गई थी। बिटकॉइन के अलावा मार्केट कैप के लिहाज से टॉप 10 में शामिल अन्य क्रिप्टो करेंसीज में भी आज 13 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई।

## हिन्दुओं पर अपमानित टिप्पणियां बर्दाश्त नहीं-शिवसेना

**जम्मू,एजेंसी।** हिन्दुओं पर कथित व आपत्तिजनक टिप्पणीयों पर माफी मांगे आम आदमी पार्टी के विधायक मेहराज मलिक अन्यथा शिवसेना अंदाज में होगा स्वागत यह कहना है शिवसेना यूबीटी जम्मू-कश्मीर ईकाई प्रमुख मनीश साहनी का।

पार्टी प्रदेश मध्यवर्ती कार्यालय में आयोजित आज एक पत्रकार वार्ता में प्रदेश प्रमुख मनीश साहनी ने कहा कि मलिक का बयान न केवल अपमानजनक है बल्कि पूरी तरह से झूठा, शर्मनाक और करोड़ों हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। यह हमारे धर्म, संस्कृति और पहचान पर सीधा हमला है।

हमारे माथे पर लगाया गया तिलक भक्ति और पवित्रता का प्रतीक है। यह हमारे रोज़मर्रा के धार्मिक जीवन का हिस्सा है। इसे शराब और गलत कार्यों से जोड़ना न केवल अपमानजनक बल्कि हमारे धर्म का सीधा अपमान है। साहनी ने कहा कि मलिक की कथित टिप्पणी बर्दाश्त के बाहर हैं और ऐसे नेताओं को कैसे रास्ते पर लाया जाता है यह शिव सैनिक भली भांति जानते हैं। उन्होंने स्पीकर से मेहराज मलिक की सदस्यता रद्द करने तथा एस एस पी जम्मू को एक लिखित शिकायत द्वारा कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# मुंबई हमले का दोषी तहव्वुर राणा भारत लाया गया

## दिल्ली एयरपोर्ट पर विशेष विमान लैंड हुआ; सीधे एनआईए हेडक्वार्टर ले जाया गया

**नई दिल्ली/मुंबई ,एजेंसी।** 2008 मुंबई आतंकी हमलों के दोषी तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत ला रहा विशेष विमान दिल्ली पहुंचा । यह विमान दिल्ली के पालम टेक्निकल एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यहां से तहव्वुर को सीधे NIA हेडक्वार्टर ले जाया गया। NIA हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

जेल सोर्स के मुताबिक, राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल में हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जाएगा। जेल प्रशासन ने इसके लिए जरूरी इंतजाम कर लिए हैं। हालांकि उसे कब और किस वार्ड में रखा जाएगा, इसका अंतिम फैसला कोर्ट के आदेश के बाद ही लिया जाएगा। जांच एजेंसी NIA और खुफिया एजेंसी RAW की एक जॉइंट टीम तहव्वुर को लेकर बुधवार को अमेरिका से रवाना हुई थी। राणा को पटियाला




हाउस कोर्ट में पेश किया जा सकता है। पेशी से पहले उसका मेडिकल टेस्ट किया जाएगा।

**दिल्ली पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया :** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राणा के प्रत्यर्पण को लेकर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को भी हाई अलर्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही SWAT कमांडोज को भी एयरपोर्ट पर तैनात किया गया है। एयरपोर्ट के बाहर सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज (CAPF) की सिक्योरिटी विंग और स्थानीय पुलिस मौजूद है। केंद्र सरकार ने इस मामले में एडवोकेट नरेंद्र मान को स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर के तौर पर नियुक्त किया है। उन्हें तीन साल या फिर केस का ट्रायल पूरा होने तक यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

तहव्वुर ने भारत आने से बचने के लिए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। उसने अपनी याचिका में खुद को पार्किंसन बीमारी से पीड़ित बताते हुए कहा था कि अगर भारत डिपोर्ट किया गया तो उसे प्रताड़ित किया जा सकता है।

### पाकिस्तान ने तहव्वुर राणा से दूरी बनाई

पाकिस्तान ने तहव्वुर राणा से दूरी बनाते हुए कहा कि वह कनाडा का नागरिक है। पाक विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने एक सवाल के जवाब में कहा कि तहव्वुर राणा ने पिछले दो दशकों से अपने पाकिस्तानी दस्तावेजों को रिन्यू नहीं कराया है। उसके पास कनाडा की नागरिकता है। गौरतलब है कि पाकिस्तान अपने उन नागरिकों को दोहरी नागरिकता रखने की अनुमति देता है जो कनाडा में जाकर बस गए हैं। तहव्वुर राणा को 2009 में FBI ने गिरफ्तार किया था। राणा को अमेरिका में लश्कर-ए-तैयबा का समर्थन करने के लिए दोषी ठहराया गया था। अब तक वह लॉस एंजिलिस के एक डिटेंशन सेंटर में बंद था। 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने हमले किए। ये हमले चार दिनों तक चले। इन हमलों में कुल 175 लोग मारे गए, जिनमें 9 हमलावर भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए। राणा को भारत लाने को लेकर बुधवार को होम मिनिस्ट्री में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अजीत डोभाल ने मीटिंग की।

## मणिपुर में विवादित जगह पर सामुदायिक झंडा फहराने से तनाव

### ● चुराचांदपुर में दो जनजातियों के बीच विवाद बढ़ा, 17 अप्रैल तक कर्फ्यू

**इम्फाल,एजेंसी।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में दो जनजातियों के बीच हुए विवाद की वजह से बुधवार को 17 अप्रैल तक कर्फ्यू लगाया गया। जोमी और हमार जनजाति के बीच मंगलवार को विवादित जगह पर अपने-अपने समुदाय के झंडे फहराने को लेकर तनाव पैदा हो गया था। यह विवादित जगह वी मुनहोइह और रेंगकाई गांवों के बीच है। वी मुनहोइह और रेंगकाई के साथ ही कांगवाई, समुलामलान और संगाइकोट में भी कर्फ्यू लगाया गया है। हालांकि, इन इलाकों में सुबह 6 बजे से 5 बजे शाम तक कर्फ्यू में छूट दी गई है।

बुधवार को कलेक्टर ने दोनों गांवों के लोगों की बैठक ली। इस दौरान दोनों समुदायों ने कहा कि यह विवाद जातीय नहीं जमीन का है। बैठक में लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहें न फैलाने की अपील की गई।इससे पहले दोनों जनजातियों के बीच 18 मार्च को झंडा हटाने को लेकर हिंसा हुई थी। इस हिंसा में हमार जनजाति के रोपुई पाकुमटे नामक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए थे।



### दो जनजातियों के बीच कैसे शुरू हुआ था विवाद...

16 मार्च रविवार देर शाम हमार जनजाति के नेता रिचर्ड हमार पर अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया था। रिचर्ड अपनी गाड़ी चला रहे थे, जो एक दोपहिया सवार से टकराने से बची। इससे रिचर्ड की दोपहिया वाहन सवार युवकों से कहासुनी हो गई। जो बाद में इतनी आगे बढ़ गई कि दूसरे पक्ष ने रिचर्ड पर हमला कर दिया।

## पश्चिम बंगाल में नौकरी गंवाने वाले शिक्षक भूख हड़ताल पर

### पुलिस पर लाठीचार्ज और लात-घूसों से पीटने का आरोप; सरकार के खिलाफ प्रदर्शन जारी

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले में नौकरी गंवा चुके टीचर्स और नॉन टीचिंग स्टाफ ने गुरुवार को उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई के विरोध में भूख हड़ताल करने का ऐलान किया। टीचर्स बुधवार रात से ही पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमिशन (WBSSC) के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहें है।

इससे पहले टीचर्स ने डिस्ट्रिक्ट इंसपेक्टर (डीआई) के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया था। जहां प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर लाठीचार्ज और लात-घूसों से पीटने का आरोप लगाया था।


इधर, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 8 अप्रैल को 25 हजार 753 टीचर्स और नॉन टीचिंग स्टाफ की नियुक्ति रद्द करने के मामले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



को चिट्ठी लिखी। इसमें उन्होंने राष्ट्रपति से मांग की है कि जो लोग निर्दोष हैं, उन्हें नौकरी में बने रहने देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में इसी मामले में 8 अप्रैल को सुनवाई हुई। कोर्ट ने स्कूल कर्मचारियों के लिए अतिरिक्त पदों को बढ़ाने को लेकर पश्चिम बंगाल कैबिनेट के फैसले की CBI जांच पर रोक लगा दी थी। हालांकि कोर्ट ने मामले में जांच जारी रखने की बात कही।

**ममता - कोर्ट के आदेश से बंधे हुए हैं :**मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 7 अप्रैल को उन शिक्षकों और स्टाफ से मुलाकात की थी, जिनकी भर्ती सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दी है।

## राजस्थान में हॉट-एयर-बैलून शो, 80 फीट से गिरा युवक, मौत



**बारां,एजेंसी।** बारां जिले के स्थापना दिवस कार्यक्रम में हुए हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हॉट एयर बैलून शो के दौरान बैलून में हवा भरी जा रही थी। अचानक प्रेशर बढ़ने से वो तेजी से उड़ गया। इस दौरान रस्सी पकड़े खड़ा युवक करीब 80 फीट तक लटकते हुए चला गया। रस्सी के टूटने से वो जमीन पर आ गिरा। हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। हादसा गुरुवार सुबह बारा खेल संकुल मैदान पर हुआ। बारां कोतवाली के सीआई योगेश चौहान ने बताया कि हादसे से पहले हॉट एयर बैलून दो राउंड कर चुका था।

*देश के 20 राज्यों में आज आंधी-बारिश*

# बिजली गिरने से यूपी में 6 और बिहार में 22 की मौत; म.प्र.राजस्थान में हीटवेव का अनुमान

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भीषण गर्म के बाद देश के उत्तरी-पश्चिमी राज्यों में मौसम बदला है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश में बुधवार शाम से ही रुक-रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने देश के 20 से ज्यादा राज्यों में आज (गुरुवार को) आंधी-तूफान और बारिश की संभावना जताई है। लखनऊ, कानपुर समेत यूपी के 25 जिलों में बारिश जारी है। यहां बिजली गिरने से छह की मौत हो गई है। मरने वालों में फतेहपुर के 2 बच्चे, फिरोजाबाद की एक महिला और सीतापुर का एक किसान शामिल है। वहीं, बिहार में बीते 24 घंटे में आकाशीय बिजली गिरने से 22 की मौत हुई



हैं। आज 32 जिलों में यलो अलर्ट है।

IMD के मुताबिक, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में हीटवेव की संभावना है। हालांकि, पश्चिमी विक्षोभ के चलते राजस्थान के 16 जिलों में बारिश के आसार हैं। स्व्क्ष में भी लू के बीच बुधवार को ओले गिरे और हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने उज्जैन-ग्वालियर संभाग में लू चलने का अलर्ट जारी किया है, जबकि 17 जिलों में बारिश होने की संभावना है।

अगले 2 दिन कैसा रहेगा मौसम मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तरी-पश्चिमी राज्यों के मैदानी इलाकों में अगले 2 दिन बारिश की संभावना है। उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, अरुणाचल और नगालैंड में बारिश और ओले गिरने की संभावना है। केरल, तमिलनाडु और आंध्र में अगले दो दिन तक कई जगहों पर बारिश होगी।

वहीं, गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश के कुछ इलाकों में हीटवेव जैसी स्थिति बन सकती है। तापमान 40 डिग्री पार पहुंच सकता है। अगले 2 दिन उत्तर-पश्चिमी भारत, गुजरात और महाराष्ट्र में अधिकतम तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा। उसके बाद 4 दिन तापमान 2-4 डिग्री तक तापमान नीचे आ सकता है।

# बंगाल में नए वक्फ कानून पर हिंसा, 22 गिरफ्तार

## कल देशभर में किया था पर्सनल लॉ बोर्ड का प्रदर्शन; सुप्रीम कोर्ट में 16 अप्रैल को सुनवाई

**कोलकाता,एजेंसी।** वक्फ संशोधन कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में 8 अप्रैल को हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 8 आरोपियों को आगे की जांच के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

जंगीपुर के पुलिस अधीक्षक (SP), आनंद रॉय ने बताया कि हिंसा को लेकर पुलिस ने अपने आप संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है। उन्होंने बुधवार को इलाके का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया।

दरअसल, प्रदर्शनकारियों ने 8 अप्रैल को वक्फ कानून के विरोध में कई वाहनों को आग लगा दी थी। इसमें पुलिस की गाड़ियां भी शामिल थी। झड़प में



प्रदर्शनकारियों ने पथराव भी किया, जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

वक्फ संशोधन बिल को पास होने के बाद से अबतक सुप्रीम कोर्ट में 12 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट की 3 जजों की बेंच 10 याचिकाओं पर 16 अप्रैल को सुनवाई करेगी।

बेंच में CJI संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और केवी विश्वनाथन शामिल होंगे। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (AIMPLB) आज से पूरे देश में विरोध प्रदर्शन कर रहा है।

### कानून के सपोर्ट में इंटरवेंशन याचिका दायर

वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के समर्थन में सुप्रीम कोर्ट में इंटरवेंशन (हस्तक्षेप) याचिकाएं दायर की गई हैं। इन याचिकाओं में कहा गया है कि यह संशोधन भारतीय संविधान की भावना के अनुरूप है और इससे किसी भी मुस्लिम समुदाय के सदस्य के अधिकारों का उल्लंघन नहीं होता। ये याचिकाएं अखिल भारत हिंदू महासभा के सदस्य सतीश कुमार अग्रवाल और हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने दायर की हैं। इन याचिकाओं में वक्फ बोर्ड पर आरोप लगाया गया है कि वह वक्फ एक्ट की धारा-40 का गलत इस्तेमाल कर लाखों एकड़ जमीन को वक्फ संपत्ति घोषित कर चुका है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- पैक्ड फूड पर वार्निंग लेबल दिया जाए

### केंद्र 3 महीने के अंदर लेबलिंग का नियम बनाएं; कितना शुगर, हानिकारक फैट स्पष्ट लिखें

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह तीन महीने के भीतर पैक्ड फूड पर चेतावनी वाली लेबलिंग को लेकर नए नियम बनाए। कोर्ट ने ये आदेश एक PIL पर सुनवाई के दौरान दिया। इसमें मांग की गई थी कि हर पैक्ड खाने की चीज पर फ्रंट पर साफ चेतावनी दी जाए। इससे लोग यह जान सकें कि उस चीज में कितना शुगर, नमक या हानिकारक फैट है।

केंद्र ने कहा- एक्सपर्ट कमेटी सुझावों के आधार पर रिपोर्ट तैयार करेगी केंद्र सरकार



की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि 14 हजार से ज्यादा सुझाव और रिपोर्ट्स इस मुद्दे पर आ चुकी हैं। इसके लिए एक एक्सपर्ट कमेटी बनाई गई है जो इन सुझावों के आधार पर रिपोर्ट तैयार करेगी। कोर्ट ने आदेश दिया कि यह समिति जल्दी से जल्दी रिपोर्ट तैयार करे ताकि उसी आधार पर FSSAI लेबलिंग नियमों में संशोधन किया जा सके।

**ICMR ने चेताया था- पैकेज्ड फूड पर लगे लेबल के दावे भ्रामक हो सकते हैं :**इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च यानी ICMR के तहत हैदराबाद बेस्ड नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन (NIN) ने भारतीयों के लिए डाइटरी गाइडलाइन जारी की है। NIN ने कहा, फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (FSSAI) के सख्त मानदंड हैं, लेकिन लेबल पर दी गई जानकारी भ्रामक हो सकती है। कुछ उदाहरण देते हुए NIN ने कहा कि किसी फूड प्रोडक्ट को नेचुरल कहा जा सकता है, यदि इसमें एडेड कलर्स, फ्लेवर्स और आर्टिफिशियल सब्सटेंसेस नहीं मिलाए गए हैं और यह मिनिमल प्रोसेसिंग से गुजरता है।

# दामाद संग भागी सास, बेटी की तबीयत बिगड़ी

## बेटी बोली- दोनों कहीं भी जाकर मरें; 6 दिन बाद थी शादी

**अलीगढ़,एजेंसी।** अलीगढ़ में बेटी की शादी से पहले 38 साल की सास को लेकर 25 साल का दामाद भाग गया। छह महीने पहले महिला की बेटी का रिश्ता तय हुआ था। तभी सास ने दामाद को मोबाइल गिफ्ट किया था। दोनों में बात होती रही और मोहब्बत हो गई। दामाद अक्सर अपनी ससुराल आता था। कमरे में सास से घंटों बातें करता था। किसी ने दोनों पर शक भी नहीं किया। बेटी की शादी के लिए घर में रखे 5 लाख के जेवरात और 3.5 लाख कैश भी महिला घर से ले गई है। छह दिन बाद 16 अप्रैल को बेटी की शादी होनी थी।

अब समाज में पूरे परिवार का



मजाक बन रहा। मां की करतूत से बेटी को सदमे में है। वह बीमार हो गई है। जब बेटी से मां के बारे में पूछा गया तो वह गुस्से में बोली- दोनों कहीं भी जाकर मरें। अब हमारे परिवार को उनसे कोई लेनादेना नहीं। बस पुलिस हमारे गहने और रुपए वापस करा दे। मेरे पिता ने यह सब अपनी मेहनत के रुपए से जोड़कर बनवाया था। पति ने कहा- पुलिस एक बार बस पत्नी से मेरी मुलाकात करा दे।

**लड़का पिता से बोला- मुझे अब ढूंढना मत :** मडराक थाना के गांव मनोहरपुर कायस्थ निवासी जितेंद्र कुमार की बेटी शिवानी की शादी 16 अप्रैल को दादों थाना के गांव रिया नगला निवासी होरीलाल के बेटे राहुल के साथ होनी थी। लेकिन, शादी के 10 दिन पहले 6 अप्रैल को शिवानी की मां अनीता घर से गायब हो गई।

वहीं, दूसरी ओर राहुल भी अपने घर से कपड़े खरीदने की बात कहकर निकला, फिर वापस नहीं आया। अलीगढ़ से बाहर निकलते ही दोनों ने अपने मोबाइल बंद कर लिए। एक दिन लड़के ने अपने पिता को फोन करके कहा कि मुझे ढूंढना मत, मैं वापस नहीं आऊंगा। जब परिवार के लोगों ने पता किया तो जानकारी हुई कि सास भी गायब है। राहुल उत्तराखंड के रुद्रपुर में प्राइवेट कंपनी में सुपरवाइजर है।

**दिन में 14 घंटे सास-दामाद में होती थी बात :**परिवार के लोगों ने बताया- दोनों परिवारों के बीच लगभग 6 महीने पहले शादी की बातचीत तय हुई थी। इसके बाद से ही दोनों परिवारों के बीच नजदीकियां बढ़ी। राहुल का भी शिवानी के घर आना-जाना शुरू हो गया। दोनों परिवार के लोग एक-दूसरे से बात करते थे।

### बेटी से ज्यादा समय दामाद सास को देता था

फरार महिला के पति जितेंद्र कुमार ने बताया- उसकी पत्नी और होने वाले दामाद के बीच दिन-दिनभर बातें होती थी। इतनी बात दामाद उनकी बेटी से कभी नहीं करता था। इसी बात को लेकर उन्हें संदेह हो रहा था। लेकिन, शादी की तारीख नजदीक आ रही थी, इसलिए वह बातों को नजरअंदाज कर रहे थे। जितेंद्र ने बताया- वह बेंगलुरु में रहकर व्यापार करता है। इसी से उसके परिवार का खर्च चलता है। अभी भी वह पिछले तीन महीने से बेंगलुरु में ही था, लेकिन उसे अपनी पत्नी के बारे में लगातार परिवार के लोगों से सूचना मिल रही थी। जिस दिन दोनों गायब हुए, उस दिन भी पत्नी से रात 10 बजे तक बात होती रही। पत्नी की शर्मनाक हरकत से परेशान होकर जितेंद्र कुमार ने कहा- अब उन्हें अपनी पत्नी से कोई मतलब नहीं है। उसने जो किया है, वह माफ करने के भी लायक नहीं। बेटी की शादी के कार्ड बंट गए थे।

# वीर कुंवर सिंह जयंती पर आयोजित एयर शो को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षात्मक बैठक संपन्न

## 22 अप्रैल को पूर्वाभ्यास; स्कूली विद्यार्थियों की विशेष भागीदारी सुनिश्चित, विद्यालयों में घोषित अवकाश

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार होंगे मुख्य अतिथि; 26 जनवरी की तर्ज पर राजकीय स्वरूप में आयोजित होगा कार्यक्रम
- सांसद राजीव प्रताप रूडी के विशेष आग्रह पर यह आयोजन पहली बार बिहार में संभव हुआ



**दैनिक खोज खबर/पटना (10 अप्रैल 2025)।** बुधवार, 9 अप्रैल 2025 को मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा की अध्यक्षता में पटना में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित हुई, जिसमें 23 अप्रैल को आयोजित होने वाले शौर्य दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। यह आयोजन बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में पटना के गंगा पथ क्षेत्र में होगा, जिसमें भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम और आकाशगंगा टीम द्वारा ऐतिहासिक हवाई प्रदर्शन किया जाएगा। यह आयोजन बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती के अवसर पर आयोजित हो रहा है, जिन्होंने 1857 की क्रांति में अंग्रेजों के विरुद्ध अद्भुत नेतृत्व और पराक्रम का प्रदर्शन किया था। इस बैठक में सारण सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी भी सम्मिलित हुए। यह उल्लेखनीय है कि बिहार में इस ऐतिहासिक आयोजन की पहल श्री रूडी के विशेष आग्रह पर की गई, जिसके फलस्वरूप रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी स्वीकृति प्रदान की। कार्यक्रम की संकल्पना से लेकर राज्य और केंद्र स्तर पर समन्वय स्थापित करने में श्री रूडी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम की तैयारियों से जुड़ी जानकारी उन्हीं के माध्यम से राज्य सरकार के समक्ष प्रस्तुत की गई, जिसके आधार पर यह बैठक आयोजित हुई। निकटवर्ती जिलों के जिलाधिकारियों को भी कार्यक्रम के दौरान विशेष सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, सारण के जिलाधिकारी को सोनपुर क्षेत्र में सुरक्षा एवं समग्र व्यवस्थाओं की देखरेख का दायित्व सौंपा गया है।

बैठक में नागरिक विमानन निदेशक निलेश रामचंद्र देवरे, प्रशासनिक अधिकारी, वायुसेना प्रतिनिधि तथा सारण, पटना, सिवान और वैशाली के जिलाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मिलित हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम को राजकीय समारोह घोषित किया जाएगा तथा इसमें माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में भारतीय वायुसेना प्रमुख (एयर चीफ मार्शल) अमर प्रीत सिंह की आने की संभावना है।बैठक के संदर्भ में पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री रुडी ने बताया कि 21 अप्रैल को वायुमार्ग निरीक्षण, 22 अप्रैल को पूर्वाभ्यास (विद्यार्थियों हेतु) और 23 अप्रैल को पूर्ण प्रदर्शन होगा। 22 अप्रैल के कार्यक्रम के लिए इस दिन विद्यालयों में अवकाश घोषित किया जायेगा। 23 अप्रैल को गंगा पथ क्षेत्र में खाद्य दुकानों पर अस्थायी रोक रहेगी ताकि चिड़ियों की वजह से विमानों की सुरक्षा में कोई बाधा न हो।उन्होंने कहा कि बैठक में निर्णय हुआ कि एयर स्पेस तीनों दिन (21 से 23 अप्रैल) वायुसेना के लिए आरक्षित रहेगा। आमंत्रण पत्रों की छपाई व प्रेषण, विद्यालयों से छात्रों की भागीदारी, मंच, पंडाल, ध्वनि विस्तारक, कमेंट्री बॉक्स, प्रचार स्टॉल, वायुसेना कर्मियों हेतु विशेष एन्क्लोजर, सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा, अग्निशमन, पेयजल, प्रचार-प्रसार, पशु-पक्षी नियंत्रण, स्मृति चिह्न व वित्तीय प्रबंधन आदि विषयों पर विभागवार जिम्मेदारियाँ निर्धारित की गईं।कार्यक्रम के संदर्भ में सांसद श्री रुडी ने कहा कि यह आयोजन न केवल भारतीय वायुसेना की गौरवशाली क्षमता का प्रदर्शन होगा, बल्कि बिहार की ऐतिहासिक वीरता और बाबू वीर कुंवर सिंह के त्याग और साहस को आधुनिक भारत के समक्ष प्रस्तुत करने का अद्वितीय अवसर बनेगा। शौर्य, राष्ट्रभक्ति और प्रेरणा से भरपूर यह आयोजन बिहार के आत्मगौरव में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ेगा।

## अखिलेश्वर सिंह बने प्रखंडस्तरीय बीस सूत्री के अध्यक्ष

**दैनिक खोज खबर/पानापुर(सारण)।** मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार भाजपा दक्षिणी मंडल के अध्यक्ष अखिलेश्वर सिंह को प्रखंडस्तरीय बीस सूत्री समिति का अध्यक्ष जबकि जदयू के प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार कुशवाहा को समिति का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है .वही कन्हैया पंडित ,उमेश प्रसाद कुशवाहा ,सुरेंद्र पंडित ,प्रभा मिश्रा ,नंदलाल राम ,सुरेंद्र सिंह ,विकास कुमार ,हरेंद्र प्रसाद ,रंजीत कुमार ,संजीव कुमार सिंह ,मकसूद आलम ,बिंदु देवी एवं अमरजीत साह को समिति के सदस्य के रूप में मनोनयन किया गया है .इनके मनोनयन पर महराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ,तरैया विधायक जनक सिंह ,भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार गिरी सहित अन्य नेताओं ने खुशी व्यक्त किया है .उन्होंने कहा कि समिति के गठन से राज्य एवं प्रखंड के विकास कार्यो को गति मिलेगी .

## ठनके से किशोर की मौत

**पानापुर(सारण)।** थाना क्षेत्र के रामपुररुद्र गांव निवासी इंदल सहनी के 12 वर्षीय पुत्र प्रद्युम्न कुमार की ठनके गिरने से मौत की सूचना मिल रही है .बताया जाता है कि वह खेत मे गया था इसी दौरान ठनके की चपेट में आ गया .

## छपरा बलिया मार्ग पर गोदना सेमरिया में गिरा पेड़, ट्रैक्टर को नुकसान



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** छपरा में आंधी से गिरा पेड़, आवागमन हुआ बाधित, घटना छपरा - बलिया मुख्य पथ पर गोदना सेमरिया का है, जहां तेज हवा और बारिश के कारण मुख्य सड़क पर ही विशाल पेड़ गिर गया, जिससे सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर उसकी चपेट में आ गया, स्थानीय लोगो ने बताया कि घटना के दौरान पेड़ ट्रैक्टर की ट्राली पर गिरा , जिससे चालक को कोई नुकसान नहीं हुआ उसे हल्की चोट आई है। घटना की सूचना स्थानीय लोगो ने प्रशासन को दी है, घटना के बाद बलिया -छपरा मार्ग पर आने जाने वाले की परेशानी बढ़ गई है।

## पुल निर्माण के बाद सड़क के बीचों-बीच है बिजली का खंभा

### पुल निर्माण कंपनी के अनदेखी से हो सकता है बड़ा हादसा



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखण्ड के तरैया बाजार से चंचलिया भलुआ शंकरडीह जाने वाली मुख्य सड़क पर सारण तटबंध से सटे भलुआ-चंचलिया गांव स्थित माही नदी के पुल का निर्माण हो चुका है। निर्माण कम्पनी द्वारा पुल तो निर्माण कर लिया गया लेकिन इस पुल को जोड़ने वाला एप्रोच सड़क के बीचो-बीच एक बिजली का खंबा है, जिसे निर्माण कम्पनी ने अनदेखा कर ऐसे ही छोड़ दिया है और अभी तक उसे हटाया नहीं गया है। जिस कारण वहां हादसे को खुला आमंत्रित दिया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों तरैया विधायक जनक सिंह से आग्रह किया है कि पुल निर्माण और बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा बात कर उनके समस्याओं का निराकरण करें। ताकि व्यक्ति इस बिजली के खम्बे के कारण दुर्घटना का शिकार न हो सकें। वहीं इस सम्बन्ध में तरैया विधायक जनक सिंह ने कहा कि जल्द ही पुल निमार्ण कम्पनी व बिजली विभाग के वरीय पदाधिकारियों से वार्तालाप कर उक्त स्थल से बिजली के खम्बे को हटवाया जाएगा, ताकि किसी प्रकार की कोई समस्या न हो सकें।

## मशरक प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष बने दुर्गेश और उपाध्यक्ष रामाधार सिंह, लोगों ने दी बधाई

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड स्तरीय 20 सूत्री के अध्यक्ष पद पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दुर्गेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष पद पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह और सदस्यों के नामों की घोषणा होते ही लोगों ने बधाई दी। बधाई देने वालों में सरपंच बिनोद प्रसाद, ललन प्रसाद, राजन प्रसाद, बिनोद सिन्हा समेत अन्य ने बधाई दी। सदस्यों के रूप में बंगरा निवासी सुनिल कुमार सिंह, हनुमानगंज गांव निवासी बीरबल प्रसाद कुशवाहा, यदु मोड़ निवासी त्रिभुवन तिवारी, सिसई गांव निवासी रामसागर राय, चांद बरवा गांव निवासी सुनिल कुमार सिंह, सेरूकहा गांव निवासी तारकेश्वर पांडेय, घोघिया गांव निवासी संजय कुमार सिंह, गंडामण गांव निवासी रामेश्वर महंतों, स्टेशन रोड निवासी दिलीप कुमार व गौतम प्रसाद, डुमरसन निवासी अब्बास अली, चरिहारा गांव निवासी कुमारी सविता और कवलपुरा गांव निवासी दिलीप महंतों को मनोनीत किया गया है। अध्यक्ष दुर्गेश कुमार गुप्ता ने बताया कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है उसका वे निर्वहन करेंगे।

## गेहूं की बीस कट्ठा की फसल जलकर राख

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बहरौली गांव के वार्ड -2 में गेहूं की फसल में आग लगने से फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित बहरौली गांव निवासी रामबाबू सिंह हैं। बताया गया कि गुरूवार की अहले सुबह 4 बजें के लगभग खेत में काट कर बोझा रखा गया था कि अचानक आग की लपटे उठने लगी। जब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की तब तक 20 कट्ठा की गेहूं फसल जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड टीम ने भी पहुंच आग को बुझाया। मुखिया अजीत सिंह ने बताया कि सरकारी स्तर पर जो भी मुवाअजा होगा वह दिलवाया जाएगा।

## आवागमन की समस्या से नेता प्रतिपक्ष को कराया अवगत, निराकरण की जगी उम्मीद

**दैनिक खोज खबर/माँझी।** बिहार प्रदेश राजद के वरीय नेता संजीव यादव के अनुरोध पर प्रतिपक्ष के नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने माँझी प्रखंड अंतर्गत कौरुधौरु पँचायत के सैदपुरा गाँव के आवागमन की अन्तहीन व लाइलाज समस्या पर संज्ञान लेकर इसके शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया है। दरअसल मंगलवार को राजद नेता संजीव यादव बलिया से पटना की सफर ट्रेन से कर रहे थे और ट्रेन माँझी स्टेशन पर रुकी थी इसी दौरान उन्होंने प्लेटफार्म पर मौजूद लोगों से खुद बात की तथा समस्या की गम्भीरता को देखते हुए उन्होंने मौजूद लोगों की तेजस्वी यादव से भी फोन पर बात कराई। तेजस्वी यादव ने मुस्लिम बहुल सैदपुरा के ग्रामीणों के आवागमन की समस्या को बेहद गम्भीर मामला बताते हुए इसके निराकरण की त्वरित पहल भी शुरू कर दी है। श्री यादव ने बुधवार को ही माँझी प्रखण्ड राजद अध्यक्ष गुड्डू कुशवाहा को खुद फोन करके उक्त गाँव में समस्या की जाँच के लिए सैदपुरा भेज दिया। बुधवार की शाम सैदपुरा पहुँचे राजद अध्यक्ष की मौजूदगी में अन्य ग्रामीणों के अलावा गाँव के बुजुर्ग जलील हसन से तेजस्वी ने फोन पर बात की तथा आवागमन के मामले में आ रही तकनीकी अड़चनों की विस्तृत जानकारी ली। ग्रामीणों ने पूर्व उपमुख्यमंत्री को बताया कि नए माँझी रेलवे स्टेशन से सटे पुरब सैदपुरा गाँव की लगभग पाँच सौ की आबादी के लिए सड़क को कौन कहे पगडंडी तक मयस्सर नहीं। गाँव के अन्य लोगों के अलावा बीमार मरीज,पशु आदि तक को प्लेटफार्म पर बने फुट ओवरब्रिज से होकर ही मुख्य सड़क तक आना जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि रेल लाइन के पूर्वी किनारे से होकर समीप के मझनपुरा रेलवे क्रॉसिंग तक सड़क निर्माण की एकमात्र सम्भावना बची हैं। लेकिन वहाँ तक सड़क निर्माण में दूसरे गाँव के कई लोगों की जमीन आड़े आ रही हैं। इसी वजह से पँचायत के माध्यम से उक्त गाँव के लिए ईंटकरण अथवा पक्कीकरण नही हो पा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के बाद से गाँव की तीन पीढ़ी के लोग रेल लाइन पार करके ही अनवरत आने जाने को मजबूर हो रहे हैं।

## बाकरपुर में बीजेपी विधानसभा सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के बाकरपुर हाट परिसर में सोनपुर विधानसभा सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित गुरूवार को किया गया 7 इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन सदर पूर्वी मण्डल अध्यक्ष आदित्य कुमार छोटु ने किया 7मुख्य अतिथि के रूप मे ढाका के बिधायक पवन जायसवाल ने मौके पर कहा की सभी सक्रिय कार्यकर्त्ता पार्टी का रीढ़ होता है, आपही के बदौलत पार्टी चुनाव मे सफलता प्राप्त करती है7पार्टी के कार्यकर्त्ता अभी से ही चुनाव की तैयारी मे लग जाये7पूर्व बिधायक बिनय सिंह जी ने कहा की जीतने के लिए जो जरुरी समीकरण चाहिए वो हमारे गठबंधन को मौजूद है, इसलिए जीत हमलोगो के गठबंधन का निश्चित है7जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने आगामी संगठन के कार्यक्रम को बिस्तार से बताया7अंत मे धन्यवाद ज्ञापन मण्डल महामंत्री अलोक कुमार सिंह ने किया 7इस सम्मलेन मे प्रदेश प्रवक्ता उपेन्द्र सिंह, प्रदेश नेता हेमनारायण सिंह, बिनोद सिंह सम्राट, अभय कुमार सिंह, सैनिक प्रकोष्ठ के सुनील कुमार सिंह,बिधानसभा प्रभारी श्रीनिवास सिंह,जिला महामंत्री विवेक सिंह एवं धर्मेन्द्र शाह, जिला मंत्री राजीव कुमार सिंह,राजेश सिंह, ज्ञानेंद्र कुमार सिंह टुनटुन,सोनपुर नगर मण्डल अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु,सोनपुर सदर दक्षिणी. मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा,दिघवाड़ा नगर मण्डल अध्यक्ष दीपक गुप्ता, दिघवाड़ा सदर मण्डल अध्यक्ष बिपिन कुमार सिंह सहित काफी संख्या मे विधानसभा के सक्रिय कार्यकर्त्ता शामिल हुये ।


## ठनके की चपेट में आकर महिला की मौत

**पानापुर(सारण)।** थाना क्षेत्र के मड़वा बसहिया गांव में गुरुवार की दोपहर ठनका गिरने से एक महिला की मौत हो गयी .मृत महिला सुरेंद्र साह की 46 वर्षीया पत्नी मीरा देवी बतायी जाती है .घटना के संबंध में बताया जाता है कि तेज बारिश के दौरान वह खेत मे कटे गेंहू के बोझे हटा रही थी इसी दौरान वह ठनके की चपेट में आ गयी . परिजन आनन फानन में उसे इलाज के लिए सीएचसी पानापुर ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया .सूचना पाकर स्थानीय थाने की पुलिस सीएचसी पहुँची एवं शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेजवाया .मृतका के पति एवं बड़ा पुत्र बाहर में मजदूरी करते है जबकि छोटे पुत्र एवं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है .घटना की जानकारी मिलते ही जिलापार्षद रत्नेश कुमार भाष्कर एवं मुखिया अमरेंद्र कुमार सिंह सीएचसी पहुँचे एवं शोकसंतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया .उन्होंने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद मुहैया कराने का आश्वासन दिया ।

## तेज आंधी और बारिश से गेहूं की फसल समेत अन्य नुकसान , आकाशीय बिजली गिरी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** गुरूवार की दोपहर मशरक के गांवों में तेज आंधी और बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान में काले बादल छा गए और आकाशीय बिजली चमकने और गरजने लगी एवं तेज मूसलाधार बारिश होने लगी। तेज हवा, मूसलधार बारिश के कारण गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है। सीएचसी के मुख्य गेट पर विशालकाय पेड़ तेज आंधी और बारिश के बीच गिर पड़ा जिससे मुख्य गेट से अस्पताल परिसर में पहुंचने में मरीजों और परिजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। हालांकि स्थानीय लोगों ने पेड़ काट सड़क से हटाया।इलाज के लिए पहुंचे मरीजों ने बताया कि बारिश की वजह से कोई बाहर नहीं था अन्यथा जान माल की क्षति हो सकती थी। दुमदुमा गांव में तेज आंधी और बारिश के बीच ठनका गिरने से गाय की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। मृत गाय दुमदुमा गांव निवासी ललन सिंह की बताई गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि गाय बाहर बधी थी कि अचानक तेज आधी और बारिश आ गयी उसी दौरान ठनका गिर पड़ा जिससे गाय चपेट में आ गई और मौत हो गई। दुरगौली मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह और उप मुखिया पंकज कुमार सिंह ने मृत गाय के बदलें उचित मुआवजा दिलवाने की मांग की। अचानक हुई बारिश से खेतों में कटाई कर रखी गई फसल भींगकर खराब हो गई। किसानों का कहना है कि इस बार बालियां अच्छी थीं और पैदावार से काफी उम्मीदें थीं। कई किसानों ने खेत से फसल काटकर एक जगह जमा किया था, लेकिन बारिश ने वह भी नष्ट कर दिया। खेतों में पानी भरने से अब दाने सड़ने के कगार पर हैं, जिससे नुकसान तय माना जा रहा है। हालांकि आम, लीची, जामुन और कटहल जैसी बागवानी फसलों एवं सब्जियों की फसलों को थोड़ी राहत मिली है। प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू ने प्रशासन से तत्काल सर्वे और क्षतिपूर्ति की मांग की है

## सबलपुर में बिजली के खंभे दुरुस्त नहीं रहने से कभी भी हो सकती बड़ी हादसा



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के सबलपुर मध्यवर्ती पंचायत के वार्ड नम्बर -06 से होकर गुजर रही 11 हजार विद्युत प्रवाहित तार और खंभा गिरने के कगार पर है। सूचना देने के बावजूद विभाग के कानों पर जूं नहीं रेंग रहा। विद्युत विभाग बेखबर बना हुआ है जिससे कभी भी झुका हुआ विद्युत खंभा नीचे गिर सकता है और बड़ी अनहोनी घटना घट सकती है।स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि उक्त खंभा नीचे से क्षतिग्रस्त हो चुका है और बाढ़ के पानी के तेज प्रवाह का असर भी उस पड़ पड़ता है जिससे वह कमजोर हो चुका है। उपभोक्ताओं का कहना है कि इसकी सूचना उन्होंने विभागीय जेई और सोनपुर पावर हाउस में भी दिया था लेकिन अभी तक झुके हुए खंभे को दुरुस्त नहीं किया गया है। स्थानीय उपभोक्ताओं का मानना है कि यह विभागीय लापरवाही नहीं तो और क्या है? आज तक बिजली के खंभा को दुरुस्त नहीं किया गया और अगर खंभा क्षतिग्रस्त है तो उसे बदलने की कार्रवाई नहीं की गयी अभी तक क्यों । बिजली विभाग के लापरवाही के कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है । देख सकते है की किस तरह से बिजली का खंभा और तार निचे झुका हुआ हैं! यहां के स्थानीय लोग कभी भी इसका शिकार हो सकते हैं । वही खंभे के निचे गेहूं की फसल पक कर तैयार है। ऐसा प्रतीत होता है कि बिजली विभाग को किसी बड़ी हादसे का इंतजार है।

## मशरक में जमीनी विवाद में मारपीट में दस लोग घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चरिहारा गांव में जमीनी विवाद में मारपीट में 10 लोग घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराए गए। घायलों का चिकित्सक डॉ अनंत नारायण कश्यप ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों में चरिहारा गांव निवासी एक पक्ष से 42 वर्षीय गीता देवी, 38 वर्षीय तेतरा देवी, 36 वर्षीय गायत्री देवी, 19 वर्षीय रंभा कुमारी, 18 वर्षीय सागर कुमार और दूसरे पक्ष से 40 वर्षीय उषा देवी, 35 वर्षीय सरिता देवी, 42 वर्षीय उमरावती देवी, 46 वर्षीय लाल बिहारी मांझी, 25 वर्षीय अजय कुमार मांझी शामिल हैं। इमरजेंसी 112 की टीम ने इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया। घटना का विवाद जमीनी विवाद बताया गया। मामले में थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## बिन मौसम की बरसात ने फेरा किसानों की उम्मीदों पर पानी



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)** प्रखण्ड क्षेत्र में गुरुवार को दोपहर बाद तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। जिससे किसानों द्वारा खेत में काट कर रखे गए गेहूं की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। बिन मौसम हुए बारिश ने किसानों की आस पर पानी फेर दिया है। खेतों में काटकर रखी गेहूं की फसल एवं अन्य खड़ी फसले भी भीग गई, जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है। बिन मौसम बारिश होने से तरैया समेत आसपास गांवों में भी किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है। किसानों ने कड़ी मेहनत और इधर-उधर से कर्ज लेकर खड़ी की अपनी फसलों के खराब होने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें ला दी है। किसानों ने बताया कि यह साल फसलों के लिए बिल्कुल अच्छा नहीं रहा। शाहनेवाजपुर के किसान रामेश्वर राय ने बताया कि कर्ज लेकर खेत बुवाई की थी, जो बारिश और तेज हवा के कारण फसलें खराब हो गई। तेज हवा के साथ बारिश के कारण तरैया क्षेत्र के कई गांवों में किसानों की खड़ी एवं काट कर रखी फसलों को नुकसान हुआ है। इसमें गेहूं और जौ की बाई फसल में करीब 40 प्रतिशत नुकसान का अनुमान है। कृषि विशेषज्ञ बताते हैं कि किसानों को चाहिए कि वे अपनी गिली हुई फसलों को सुखाने का प्रयास करें तथा खेतों में भरे पानी को बाहर निकाले, ताकि उनकी फसल बच सके। वही अपनी फसलों को नुकसान देख अब किसानों को सरकारी मुआवजे की आस है।

# रसूलपुर के चड़वां में किशोरी की संदेहास्पद मौत

## आत्महत्या की आशंका

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चड़वां गांव में बुधवार की रात्रि एक किशोरी की संदेहास्पद मौत हो गयी. मृतका चड़वां गांव निवासी सुनील प्रसाद की 20 वर्षीय पुत्री रोशनी कुमारी बतायी जाती है. उधर आत्महत्या की सूचना पर मौके पर पहुंच पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुट गयी पर परिजनों ने रोगग्रस्त होने के कारण असामयिक मौत बताया और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया से इंकार कर दिया तब पुलिस को बैरंग लौटना पड़ा, वहीं किशोरी की मौत को लेकर स्थानीय लोगों में तरह तरह की चर्चा है.

# बिहार सरकार ने 20 सूत्री कमिटी का किया गठन

## राजेश्वर सिंह बने एकमा 20 सूत्री अध्यक्ष, श्री प्रकाश बने उपाध्यक्ष

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** राज्य सरकार ने जिलास्तरीय व प्रखंड स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का गठन कर दिया और इसकी अधिसूचना भी जारी कर दिया. मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार एकमा प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष और सदस्यों के नामों से तय किए गए हैं,जिनमें रसूलपुर के बंशी छपरा निवासी राजेश्वर सिंह को अध्यक्ष व राहुल नगर एकमा निवासी श्री प्रकाश को उपाध्यक्ष बनाया गया है जबकि अजय कुमार पंडित, मुन्ना पटेल,अर्जुन सिंह,धनवंती देबी,पतिराम प्रसाद, सुनरदेव राम, प्रमोद कुमार सिंह,विकास मिश्रा,शैलेन्द्र नाथ सिंह,अखिलेश्वर प्रसाद, मुन्ना दुबे,राजवीर कुमार राय,सुनील कुमार सिंह सदस्य नामित किए गए हैं.

# बीस सूत्री प्रखंड स्तरीय कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष के पद पर बलिराम सिंह नामित

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** बीस सूत्री प्रखंड स्तरीय कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष के पद पर जदयू के मढ़ौरा प्रखंड अध्यक्ष बलिराम सिंह को नामित किया गया है। वहीं उपाध्यक्ष अंबिका मांझी, सदस्य के तौर पर अनिल कुमार सिंह, राकेश कुमार, अनिल शर्मा, बलबीर सिंह, डॉ रामबाबू सिंह, चिन्नी लाल महतो, गणेश साह, रचना देवी, मो अशरफ अली, बिरेंद्र गिरी, दिवाकर चौबे एवं सोनू कुमार समिति के सदस्य नामित हैं। उक्त सभी पदधारको को लोगो की ओर से बधाइयां दी जा रहीं है। बधाई देने वालो में भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह,वार्ड पार्षद रणंजय कुमार गोलू, नागेंद्र राय, सोमनाथ सिंह, संजय सिंह, भगवान राम, रामबाबू सिंह, भूषण ठाकुर समेत कई लोगों ने बधाई दी है।

# महादलित टोलों में लगेगा विशेष विकास शिविर, अंबेडकर जयंती पर तेनुआ पंचायत से होगी शुरुआत- डीएम

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** महादलित समुदाय के समग्र विकास के उद्देश्य से सारण जिला प्रशासन द्वारा विशेष विकास शिविरों की श्रृंखला शुरू की जा रही है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के महादलित विकास मिशन के तहत यह कार्यक्रम सभी महादलित टोलों में आयोजित किया जाएगा। इसकी शुरुआत 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर सदर प्रखंड के तेनुआ पंचायत स्थित महतो मुसहरी महादलित टोला से होगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी अमन समीर की उपस्थिति में पहला शिविर आयोजित किया जाएगा।

जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि इसके बाद हर बुधवार व शनिवार को एक-एक कर अन्य महादलित टोलों में भी इसी तरह के शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से न केवल योजनाओं की स्थिति का मूल्यांकन किया जाएगा, बल्कि स्थानीय समस्याओं की पहचान कर उनका स्थल पर समाधान भी सुनिश्चित किया जाएगा।

प्रत्येक टोले के लिए एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है, जो शिविर से पहले उस क्षेत्र की समस्याओं और योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का अध्ययन करेंगे। शिविर में राशन कार्ड, आवास, पेंशन, शौचालय, स्वास्थ्य व शिक्षा से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा।इसके अलावा जिन लाभार्थियों को अब तक योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है, उनका मौके पर ही आवेदन कराया जाएगा। शिविरों में विभिन्न विभागों के प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय पदाधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।जिला प्रशासन ने महादलित समुदाय के लोगों से अपील की है कि वे इन शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

# प्राण प्रतिष्ठात्मक रुद्र महायज्ञ को ले ध्वजारोहण

**दारौंदा (सिवान) ।** प्रखंड के रैनी धनौता गांव स्थित शंकर मंदिर के समीप छह मई से शुरू होने वाले प्राण प्रतिष्ठात्मक रुद्र महायज्ञ को ले गुरुवार को ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर वैदिक मंत्रोच्चारण से वातावरण गूंज उठा। आचार्य राकेश तिवारी ने बताया कि रुद्र महायज्ञ की शुरुआत छह मई को कलश यात्रा के साथ होगी तथा इसकी पूर्णाहुति हवन, पूजा व भंडारे के साथ 12 मई को की जाएगी। इसके लिए ध्वजारोहण किया गया। वहीं महायज्ञ की तैयारी ग्रामीण जुटे हुए हैं। इसको लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। महायज्ञ को सफल बनाने के लिए हर स्तर पर तैयारी की जा रही है। कमेटी के सदस्य उत्तम सिंह ने बताया कि छह मई को हाथी-घोड़ व बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें कई गांव के ग्रामीण शामिल होंगे। यज्ञ में दूर-दूर से आए विद्वान प्रवचन करेंगे। प्रतिदिन दोपहर से शाम तक प्रवचन होगा इसकी तैयारी की जा रही है। साथ ही रासलीला मंडली रात में रासलीला व रामलीला का मंचन करेगी। यज्ञ स्थल पर झूला, परचून, मिठाई, खिलौने आदि की दुकान लगेंगे। महायज्ञ को सफल बनाने के लिए कई समिति का गठन किया गया है। समिति के सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई। महायज्ञ के आयोजन में समस्त ग्रामीणों का सहयोग मिल रहा है। ध्वजारोहण के दौरान सुरेंद्र सिंह, अनिरुद्ध सिंह, शिवजी सिंह, अनूप सिंह, अक्षय सिंह आदि उपस्थित थे।

# शरारती तत्वों ने लगाई आग, खलिहान में रखे गेहूं की फसल जलकर राख

**सिवान।** दरौली रामपुर उधो गांव स्थित खलिहान में बुधवार को शरारती तत्वों ने आग लगा। इस कारण खलिहान में रखे करीब सौ से अधिक गेहूं के बोझा जलकर राख हो गए। बाद में ग्रामीणों के प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। वहीं घटना की सूचना मिलते ही भाजपा महादलित प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज कुमार राम अपने समर्थकों के साथ अग्नि पीड़ित सरल बैठा व उनके स्वजनों से मिलकर सांत्वना देते हुए आर्थिक मदद की। साथ ही मोबाइल के माध्यम से सीओ विद्याभूषण कुमार भारती से बात कर पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की है। अग्नि पीड़ित ने बताया कि गेहूं की फसल की कटाई कर घर के बगल स्थित खलिहान में बोझा बांधकर रखा हुआ था। इसमें शरारती तत्वों ने आग लगा दी। ग्रामीण जब तक आग बुझाने तब तक खलिहाल में रखे गेहूं के बोझे जलकर राख हो गए। इससे करीब 50 हजार से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

# सड़क हादसा में स्कूली बच्चे की मौत के बाद आक्रोशितों द्वारा सरकारी काम में बाधा एवं पुलिस पर हमले के मामले में

## त्वरित कार्रवाई : 150 अज्ञात समेत 43 नामजद, 06 विधि विरुद्ध बाल निषेध समेत कुल 14 भेजे गए न्यायिक हिरासत में



**दैनिक खोज खबर/अमनौर(सारण)।** सड़क हादसा में ट्रक के चपेट में आकर स्कूली बच्चे की मौत के बाद आक्रोषितों द्वारा सरकारी काम में बाधा व पुलिस पर हमले के मामले में 43 नामजद समेत डेढ़ सौ अज्ञात के खिलाफ़ पुलिस ने कांड संख्या 95/25 दर्ज की हैं. घटना के बाद पुलिस ने त्वरीत कारवाई करते हुए 8 अभियुक्तों समेत कुल 14 आरोपितों (06 विधि विरुद्ध बाल निषेध समेत) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया. मालूम हो कि बुधवार को थाना क्षेत्र के जौहरी पकड़ी टोले केवारी कला गांव में एक ट्रक के चपेट में आने से सात वर्षीय मासूम बच्चे की मौत से गुस्साए लोगों ने ट्रक चालक के साथ मारपीट कर उसे बंधक बना लिया.वहीं घटना के विरोध में टेहटी - रसूलपुर मार्ग को जाम कर दिया.

जहां सूचना के कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस से उलझ गये और स0अ0नि0 संजय कुमार को दौड़ा कर उसके साथ गाली गलौज व मारपीट करने लगे जहां आत्मरक्षा में उनके द्वारा अपने सर्विस रिवाल्वर से दो राउन्ड गोली फायरिंग करने के बाद अपनी जान बचायी. जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल तेजी से हुआ है. सोशल साइट्स पर आमलोगों ने ऐसी घटना की पुनरावृति नहीं हो इसके लिए युवाओं को सजग और सचेत रहने की सुझाव भी दे रहें हैं. इस मामले में अमनौर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार द्वारा सरकारी काम में बाधा, पुलिस के साथ मारपीट करने तथा पुलिस का पिस्टल छीनने सहित अन्य आरोपों में 43 नामजद समेत डेढ़ सौ अज्ञात के खिलाफ़ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है. जिसमें 6 बाल विरुद्ध निषेध समेत 14 नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया.

**आक्रोशितों के हमले में दो पुलिसकर्मी घायल, एक रेफर**-घटना में आक्रोशितों के हमले में पुलिसकर्मी स0अ0नि0 संजय कुमार, प्रमोद कुमार घायल हो गये. जिसमें दोनों को इलाज के लिए स्थानीय सी एच सी में भर्ती कराया गया. जहां बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने स0अ0नि0 संजय कुमार को सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है. सारण एसपी आशीष कुमार ने उक्त बातों की जानकारी देते हुए बताया कि इस मामल में पुलिस अन्य दोषियों को गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत है, वहीं मामले में स्पीडी ट्रायल कर दोषियों को सजा दिलाई जायेगी.

# रोजगार सह मार्गदर्शन शिविर का आयोजन 16 को

## नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए होगा खास अवसर

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** श्रम संसाधन विभाग के तत्वावधान में 16 अप्रैल को एक दिवसीय रोजगार सह मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर जिला नियोजनालय परिसर, प्रेम नगर (बाजार समिति के पास) में आयोजित होगा। जिला नियोजन पदाधिकारी शोभा कुमारी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया है कि इस शिविर में एक प्रतिष्ठित निजी कंपनी द्वारा सेल्स एग्जीक्यूटिव पद के लिए योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। इस अवसर पर युवाओं को रोजगार के साथ-साथ कैरियर मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को भारत सरकार के राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल222.ठ्ण्झ्.द्दश्1.द्बठ्ठ पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। जिन अभ्यर्थियों का नाम पोर्टल पर पंजीकृत होगा, वही इस शिविर में भाग लेने के योग्य माने जाएंगे।

बताया गया है कि यह शिविर उन युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है जो निजी क्षेत्र में रोजगार की तलाश कर रहे हैं। शिविर के माध्यम से योग्य उम्मीदवारों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें आवश्यक करियर परामर्श भी दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और निर्धारित तिथि से पहले अपना पंजीकरण सुनिश्चित करें। यह शिविर युवाओं के लिए नौकरी के साथ-साथ नए अवसरों के द्वार खोल सकता है।

# तरैया में होम्योपैथिक के जन्मदाता डॉ हैनिमैन की मनाई गई जयंती

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के तरैया बाजार स्थित माला मार्केट में प्रसिद्ध होम्योपैथिक डॉ संजय कुमार शर्मा के क्लीनिक में गुरुवार को होम्योपैथी के जन्मदाता डॉ हैनिमैन का 270वां जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान होम्योपैथिक चिकित्सकों ने अपने जनक डॉ हैनिमैन के चैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर धूमधाम से उनकी जयंती मनाई गई। होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ संजय कुमार शर्मा ने बताया कि विश्व होम्योपैथिक दिवस न केवल हैनिमैन की स्मृति में मनाया जाता है, बल्कि इस चिकित्सा पद्धति की उपयोगिता, वैज्ञानिकता और इसकी मानवीय पहुंच को समझने व फैलाने के लिए भी मनाया जाता है। आज जब हम तेजी से बदलती हुई जीवनशैली तनाव और पुरानी बीमारियों से जूझ रहे होते हैं, तो यह चिकित्सा पद्धति न केवल शरीर को बल्कि मन और आत्मा को भी संतुलित करने में सफल है। आज के समय में कठिन से कठिन बीमारियों का उपचार कम खर्चे में होम्योपैथिक पद्धति से संभव है। मौके पर डॉ राजकिशोर सिंह, डॉ प्रिंस कुमार, डॉ काजल कुमारी, भूषण प्रसाद, जितेंद्र सिंह, अमित कुमार, गुलाब हुसैन, व अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।



# अखंड अष्टायम के पूर्णाहुति पर पहुंचे पंचायत प्रतिनिधि, आमी मंदिर परिसर में गूंजा भजन-कीर्तन

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर ।** अकबरपुर पंचायत की मुखिया श्रीमती सरिता देवी के सौजन्य से आमी मंदिर परिसर में आयोजित अखंड अष्टायम का समापन भव्य पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। पंचायतवासियों की सुख-शांति और समृद्धि के लिए यह आध्यात्मिक आयोजन किया गया, जिसमें पंचायत के सैकड़ों लोगों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा से हुई, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। संकीर्तन मंडली द्वारा लगातार 24 घंटे तक भगवन्नाम संकीर्तन किया गया। आयोजन के अंतिम दिन पूर्णाहुति के अवसर पर सामूहिक हवन और प्रसाद वितरण किया गया।मुखिया प्रतिनिधि सुभाष पांडे ने पूर्णाहुति के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया और सबके लिए मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना का विस्तार होता है।इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें सुमन राय, मुखिया सुधीर कुमार अकेला उर्फ गुड्डू राम, विधायक प्रतिनिधि अखिलेश राय, टुनटुन बाबा, छोटू ओझा, सरोज राय तथा गुड्डू सिंह प्रमुख रूप से शामिल थे।इस भव्य आयोजन ने पंचायत क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है और लोगों के बीच आपसी सहयोग और सद्भावना को और भी प्रगाढ़ किया है।



# विधायक श्रीकांत यादव ने बनपुरा पंचायत में दो नई विकास योजनाओं की दी सौगात

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत यादव के कर-कमलों से बनपुरा पंचायत में दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। इन योजनाओं के तहत गांव की मूलभूत सुविधाओं को और सुदृढ़ करने की दिशा में अहम कदम उठाए गए हैं।बनपुरा गांव के वार्ड संख्या 11 में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत की गई, वहीं तेलियाडिह के वार्ड संख्या 01 (दलित बस्ती) में नाला सह पीसीसी निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन किया गया।इन कार्यों के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य रूप से अवधेश यादव, सुभाष यादव, कन्हैया यादव, जितेन्द्र यादव, अहमद अली, तेज नारायण सिंह, डॉ. मनोहर प्रसाद, डॉ. अजय पंडित, बिट्टू कुमार सिंह, संग्राम सिंह, अशोक पांडेय, रमेश प्रसाद (शिक्षक), वीरेंद्र पांडेय, जगनारायण महतो, रामाधार दुबे, रमेश मिश्रा, भगवान राम, नागा मिश्रा, दिनेश मिश्रा, स्वामी नाथ मिश्रा, आचार्य ऋतिक मिश्रा, मनु मिश्रा, सतन राम, उमेश यादव, अजय पंडित, वीरेंद्र राम व विजय मिश्रा आदि अन्य क्षेत्र के कई गणमान्य व सम्मानित ग्रामीणजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के पश्चात विधायक श्रीकांत यादव ने योगिया गांव में आयोजित उर्स कार्यक्रम में भी शिरकत की और वहां श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि जनता के सहयोग और आशीर्वाद से विकास की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि विकास ही संकल्प व सेवा ही लक्ष्य है।

# डकैती व हत्या कांड में वांछित टॉप-10 अपराधी होरिल राय गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** जिले में आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसने के प्रयास में सारण पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डोरीगंज थाना पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने डकैती व हत्या जैसे संगीन मामलों में वांछित तथा जिले के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल होरिल राय उर्फ मुसा को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार अपराधी की पहचान होरिल राय उर्फ मुसा, पिता सुरेन्द्र राय, निवासी ग्राम रायपुर बिंद, थाना डोरीगंज, जिला सारण के रूप में हुई है। वह कई वर्षों से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई थी। इस संयुक्त कार्रवाई में डोरीगंज थाना प्रभारी, उनके सहयोगी पुलिसकर्मी व एसटीएफ की टीम शामिल रही।पुलिस सूत्रों के अनुसार होरिल राय पर डकैती व हत्या के कई मामले दर्ज हैं। वह लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था। उसकी गिरफ्तारी से जिले में अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी और स्थानीय जनता में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी।

# रिविलगंज प्रखण्ड के 20 सूत्री अध्यक्ष बने धर्मेन्द्र सिंह चौहान

**दैनिक खोज खबर/** छपरा रिविलगंज मण्डल के भाजपा अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान को बिहार सरकार मंत्री मण्डल सचिवालय विभाग द्वारा बनाया गया है। प्रखण्ड 20 सूत्री में अध्यक्ष , उपाध्यक्ष सहित 13 सदस्य के साथ 15 का कमिटी बनाया गया। जिसकी अधिसूचना कर दिया गया है।बता दे कि 20 सूत्री अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान 1998 से भाजपा के सक्रिय राजनीति में है। पार्टी के सबसे पुराने कार्यकर्ता का लाभ लेनी चाहती है। 20 सूत्री अध्यक्ष के सचिव प्रखण्ड पदाधिकारी यानी बीडीओ होते है , सरकार के 20 योजनाओ के के देख रेख करने वाले 20 सूत्री अध्यक्ष होते है। बता दे दे कि इस 20 सूत्री के सदस्य के रूप में स्थानीय सांसद, विधायक ,एमएलसी पदेन सदस्य होते है।धर्मेन्द्र सिंह चौहान के 20 सूत्री रिविलगंज प्रखण्ड अध्यक्ष बनने पर सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी, विधायक डॉ सी एन गुप्ता,एमएलसी ई सचिदानन्द राय, जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक सिंह, प्रचार्य अरुण सिंह, जिला महामंत्री विवेक सिंह,धर्मेन्द्र शाह, निरंजन शर्मा,शत्रुधन प्रसाद,प्रवक्ता मदन सिंह, रिविलगंज प्रखण्ड के मुखिया संग के अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह,इनई मुखिया रीना देवी, मुखरेरा मुखिया मनोज कुमार, डिलिया रहीम पुर मुखिया विशुन साह, जिला परिषद सदस्य गुड्डू साह रिविलगंज नगर के पूर्व मण्डल अध्यक्ष अनुरंजन कुमार, संजय तिवारी वारसी,सुधीर सिंह,प्रियकांत कुशवाहा, संजीव सिंह,सौरभ कुमार, राकेश सिंह सहित दर्जनों लोगों ने फोन करके एवं सोसल मीडिया के माध्यम से बधाई देते हुए कहा कि 20 सूत्री का अध्यक्ष बनने पर धर्मेन्द्र सिंह चौहान को नई जिम्मेदारी के लिये शुभकामनाएं दी ।

# इनई के सबसे पुरातन शिव मंदिर के पुनर्निर्माण हेतु हुआ शिलान्यास




**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** शहर से सटे पुराणों में वर्णित गांव इनई (इंद्रपुरी) में करीब ग्यारह सौ वर्ष पुराने शिव मंदिर का जिले प्रसिद्ध ज्योतिष शास्त्र मर्मज्ञ पुरोहित हरे राम शास्त्री जी नेतृत्व में पांच पुरोहितों द्वारा विधि विधान के साथ पूजन संपन्न हुआ। सनद रहे कि यह गांव चौहान राज वंश के जमींदारों का गांव है । आध्यात्मिक गुरु समाज बताता है कि कालांतर में इसी गांव में कभी देवताओं के राजा इंद्र का आगमन हुआ था। यह शिव मंदिर लाहौरी ईट से बना हुआ है । इस मंदिर का काफी पुराना इतिहास है । हजारों भक्तों की मनोकामना यहां पूरी हुई है । काफी दूर दूर से लोग अपने मनोकामना पूर्ण होने पर पूजा चढ़ाने आते है आजके इस पूजनोत्सव में हरे राम शास्त्री के अलावे श्री राम तिवारी , शशि तिवारी सहित पांच पुरोहितों ने पूजा संपन्न कराया । इस अवसर पर प्रमुख भक्तजनों में रामप्रताप सिंह , रमेश सिंह , चंद्र प्रकाश राज , पुरुषोत्तम तिवारी , रवि प्रकाश सिंह , नवीन सिंह , टुनटुन सिंह , महेश्वर सिंह, कृष्णकुमार सिंह , धीरन सिंह , रंजीत सिंह , रघुवंश सिंह , मुन्ना सिंह ,अवधेश सिंह, श्यामसुंदर सिंह अखिलेश सिंह , शैलेंद्र सिंह आदि प्रमुख थे ।

# बारोपुर में महायज्ञ के लिए विशाल कलश यात्रा निकली

## श्रद्धालुओं ने प्राचीन गौरीशंकर मंदिर बेरुई की जलाशय से जलभरी की

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर ।** प्रखण्ड के बरोंपुर में ग्रामदेवी पिंडिका प्रतिष्ठा महायज्ञ सह जय माताजी प्राणप्रतिष्ठा यज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू हो गया। पांच दिवसीय इस महायज्ञ के लिए विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं, युवतियां व पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने प्राचीन गौरीशंकर मंदिर बेरुई की जलाशय से जलभरी की। श्रद्धालु कलश में पावन जल लेकर यज्ञ मंडप की ओर प्रस्थान किये। जलाशय से मंत्रोच्चार के साथ जलभरी की गयी। विभिन्न परिधानों में सजे श्रद्धालु महिला पुरुष कतारबद्ध होकर कलश माथे पर लिए थे। हाथी, घोड़े, बैंड बाजा और आकर्षक झांकियों में भगवान के विभिन्न रूप दर्शको का मन मोह रहा था।ग्रामदेवी पिंडिका प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर ग्रामीण काफी उत्साहित थे।

शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए बनियापुर पुलिस तैनात थी। महायज्ञ 10 अप्रैल से प्रारंभ होकर 14 अप्रैल तक आयोजित होंगे। प्रथम दिन विशाल जुलूस एवं कलशयात्रा यज्ञाचार्य पं मधुसूदन दुबे के नेतृत्व में निकाला गया। इसके बाद पंचाग पूजन, मंडप प्रवेश, अग्निस्थापन आदि का कार्यक्रम पूर्ण किया जाएगा। भाग -4 जिला पार्षद गीतू सिंह, ऋतुराज सिंह, बिजेंद्र सिंह,

मुखिया प्रतिनिधि मुकेश साह,पूर्व जिला परिषद राजेंद्र सिंह, पूर्व मुखिया मनोज सिंह, शत्रोहन सिंह, संत कुमार सिंह, राणा सिंह, धीरज सिंह, राजू सिंह, राजेश सिंह, अमर सिंह, टुनटुन सिंह, समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे।



## सड़क दुर्घटना में घायल शिक्षिका की इलाज के दौरान मौत

**रघुनाथपुर (सिवान)** । थाना क्षेत्र डमनपुरा में सड़क दुर्घटना में घायल शिक्षिका की मौत इलाज के दौरान गुरुवार को पटना में हो गई। मृत शिक्षिका की पहचान थाना क्षेत्र के डमनपुरा निवासी ब्रजेश सिंह पत्नी शिक्षिका सुनीता देवी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सुनीता देवी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय निखती खुर्द में कार्यरत शिक्षिका के पद पर कार्यरत थी। वह बुधवार की शाम अपने पुत्र के साथ रघुनाथपुर बाजार से अपने घर आ रहीं थीं। इस दौरान बाइक से गिरकर घायल हो गई। उन्हें इलाज के लिए स्थनीय अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक द्वारा पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। उनकी मौत के बाद शिक्षकों में शोक का माहौल है। प्रधानाध्यापक आनंद कुमार सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षिका को 2 पुत्र और 2 पुत्रियां हैं। सभी अविवाहित हैं।

## चार टीबी मरीजों के बीच फूड बास्केट का वितरण

**हुसैनगंज(सिवान)** । प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. अंशु अंकित एवं बीएचएम एसरारुल हक की उपस्थिति में चार टीबी मरीजों के बीच दो-दो फूड बास्केट का वितरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि फूड बास्केट में चावल, दाल, गेहूं, मूंगफली सहित अन्य पौष्टिक सामग्रियों का वितरण किया गया है ताकि मरीजों का सेहत अच्छा रहे। इसके अलावा टीबी मरीजों को मुफ्त दवा एवं पांच सौ रुपये प्रति माह छह महीने तक देय है। इस अवसर पर प्रखंड के प्रधान लिपिक सुनील कुमार, अस्पताल कर्मी होमा रहमान, रंजीत कुमार, प्रभाकर सिंह, वीरबहादुर यादव उपस्थित थे।

## बिहार बदलाव रैली को सफल बनाने का ले जनसंवाद कार्यक्रम

**सिवान ।** जीरादेई प्रखंड के सकरा पंचायत के सकरा गांव में गुरुवार को जनसुराज द्वारा जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन पार्टी संस्थापक सदस्य मुन्ना पांडेय की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान पटना में 11 अप्रैल को आयोजित बिहार बदलाव रैली कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया। इस दौरान मुन्ना पांडेय ने कहाकि जीरादेई प्रखंड से काफी संख्या में कार्यकर्ता पटना पहुंचेंगे और जनसुराज के संयोजक प्रशांत कुमार के भाषण सुनेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को सफल बनोन का आह्वान किया। इस दौरान कई गांवों में जाकर लोगों को जागरूक भी किया गया। इस मौके पर राजकिशोर चौरसिया, वृजकिशोर चौरसिया, रमेश सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## वर्षा से गेहूं की फसल को क्षति, गरमा फसल आम, लीची को लाभ की संभावना -कृषि वैज्ञानिक

**भगवानपुर हाट (सिवान)** । वर्षा से गेहूं की फसल को क्षति जबकि गरमा फसल आम, लीची को लाभ की संभावना है। यह बातें प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष सह वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. जितेंद्र प्रसाद ने कही। उन्होंने कहा कि किसानों को गेहूं की फसल को कुछ नुकसान पहुंच सकता है, लेकिन आम, लीची की फसल को लाभ ही लाभ होंगे। वहीं बागवानी कृषक अशोक सिंह ने बताया कि इस वर्षा से आम एवं लीची के पौधों में लगे दाने को लाभ ही लाभ है। ज्ञात हो कि गुरुवार की दोपहर बाद तब जब तेज हवा के साथ बादल के तेज गर्जन के साथ मूसलाधार वर्षा होने लगी। जैसे ही आसमान में काले-काले बादल मंडराने लगे, किसानों की चिंता बढ़ने लगी। कुछ किसान गेहूं की फसल की कटाई कर खेतों में ही छोड़ रखा है। उनके काटे गए गेहूं की फसल तेज हवा के साथ दूर-दूर तक उड़ गए और कुछ पानी में भीग कर बर्बाद होने की स्थिति में आ गए। वहीं कुछ गेहूं की फसल खड़े थे जो खेत में गिर गए हैं। किसान मनींद्र सिंह, श्रीराम सिंह, संजय सिंह, रघुबर पांडेय, गुड्डू रस्तोगी आदि किसानों का मानना है कि वर्षा और तेज हवा ने मेहनत पर पानी फेर दिया है तथा कृषि पर किए गए खर्च बेकार हो जाएगा।

## वज्रपात से चार घर जले, छह लाख की क्षति

**परवेज अख्तर/सीवान ।** जामो बाजार थाना व लकड़ी नबीगंज प्रखंड के सैदपुर (बलडीहां पंचायत) गांव में गुरुवार की दोपहर बाद वज्रपात होने से करीब चार घर जलकर राख हो गए। वहीं घटना में करीब छह लाख की संपत्ति जलकर खाक होने का अनुमान लगाई जा रही है। जानकारी के अनुसार योगेंद्र मांझी, चंद्रदेव मांझी, सुमन देवी व भोला मांझी की झोपड़ी में वज्रपात से आग लग गई। यह महज संयोग रहा कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। चंद्रदेव मांझी के पुत्र की अभी हाल ही में शादी हुई थी। स्वजनों ने बताया कि शादी में मिले गहने, कपड़े, फर्नीचर व अन्य सामान आग की भेंट चढ़ गए। अन्य घरों में भी अनाज, बर्तन, कपड़े व अन्य सामान नष्ट हो गए। वैसे आग लगते ही ग्रामीणों ने उपलब्ध साधनों से आग पर काबू पाने की शुरुआत की। वहीं मिनी फायर ब्रिगेड का वाहन भी पहुंचा। आग पर काबू तो पाया गया, लेकिन लाखों के सामान आग की भेंट चढ़ गए। स्थानीय जनप्रतिनिधि रमेश राम ने पीड़ित परिवारों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई व मुआवजा दिलवाने का भी आश्वासन दिया।

**मारपीट मामले का आरोपित गिरफ्तार:** असांव थाना की पुलिस ने बुधवार को गहिलापुर में छापेमारी कर मारपीट के आरोपित धर्मनाथ भगत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष राजशेखर ने बताया कि गहिलापुर में एक अप्रैल को बंटवारे को लेकर सुरेश भगत, रमेश भगत व धर्मनाथ भगत के बीच मारपीट हो गई थी। इसमें धर्मनाथ भगत आरोपित बनाया गया था।

## अलग- अलग मामले में दो लोग गिरफ्तार

**दारौंदा (सिवान)** । थाना की पुलिस ने अलग-अलग मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि मारपीट मामले में हाथोपुर निवासी जितेंद्र सिंह एवं फर्जीवाड़ा मामलें में दिनेश राय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**शराब बरामदगी मामले का आरोपित गिरफ्तार-** असांव थाना की पुलिस ने शराब बरामदगी मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष राजशेखर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित शिवपुर बाजार निवासी सोनू प्रसाद है।

## ब्रह्माकुमारी सुधा दीदी ने सिखाई सकारात्मक जीवन जीना की कला

**सिसवन (सिवान)** । प्रखंड के चैनपुर बाजार स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय चैनपुर शाखा में गुरुवार को एक दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी सुधा दीदी ने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने पर जोर दिया। अपने जीवन से नकारात्मक जीवन की जगह सकारात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन से बुराइयों का त्याग करें, वाणी में मिठास घोलें और सच्चे मन से लोगों की सेवा करें। विशेष रूप से नशे के त्याग पर बल दिया तथा गूढ़ रहस्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित जयप्रकाश भाई, अनिल भाई, गौतम यादव, भानू सोनी, रेणु माता, रमेश मिश्रा, शिव कुमार पांडेय, रवीश सिंह सुमित सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त दो स्वास्थ्य कर्मियों को दी गई विदाई

**हुसैनगंज (सिवान)** । प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मी सत्येंद्र कुमार पांडेय व एएनएम नीलम सिन्हा को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. अंशु अंकित एवं बीएचएम एसरारुल हक की देखरेख में समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि लैब टेक्नीशियन सत्येंद्र कुमार पांडेय विगत 28 फरवरी एवं नीलम सिन्हा 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए थे। विदाई समारोह में दोनों सेवानिवृत्त कर्मियों को माल्यार्पण कर अंग वस्त्र, सूटकेस, रामायण की किताब देकर सम्मानित कर स्वस्थ व लंबी उम्र की कामना की गई। इस अवसर पर डा. गुलाम अहमद, रंजीत कुमार, प्रभाकर सिंह, कृपाशंकर प्रसाद, अरविंद तिवारी, एएनएम इंदु देवी, अनीता कुमारी, वीर बहादुर यादव सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# शिशु वाटिका एवं डिजिटल प्रदर्शनी का हुआ भव्य शुभारंभ

**दैनिक खोज खबर/राजगीर, (10 अप्रैल 2025)।** हसनपुर राजगीर स्थित पूज्य तपस्वी श्री जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को शिशु वाटिका प्रदर्शनी एवं डिजिटल प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास का माहौल रहा।मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. गोपाल कृष्ण एवं विद्या भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी. रामकृष्ण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं नारियल फोड़कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ÷शिशु वाटिका प्रदर्शनी नन्हे-मुन्ने बच्चों के मानसिक, शारीरिक व रचनात्मक विकास के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।कार्यक्रम में विद्या भारती की 12 व्यवस्थाओं के अंतर्गत विविध शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक विषयों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई थी। उपस्थित सभी अधिकारियों ने सभी कक्षाओं द्वारा तैयार किए गए मॉडलों और पोस्टरों का सार्थक अवलोकन किया और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

डिजिटल प्रदर्शनी के माध्यम से छात्रों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान एवं समसामयिक विषयों की जानकारी प्रदान की गई, जिससे उनकी तकनीकी साक्षरता को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से

राष्ट्रीय संगठन मंत्री गोविंद चंद्र महंत, सह संगठन मंत्री श्रीराम अरावरकर, मंत्री ब्रह्मा जी राव, मधुश्री संजीव साव, कमल किशोर सिन्हा, सहमंत्री सुश्री पवित्रा दहाल, बिहार क्षेत्र के संगठन मंत्री ख्यालीराम, प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा, प्रधानाचार्य अनंत कुमार सिन्हा एवं विद्यालय की शिक्षिकाएं – रीना कुमारी, सोनी कुमारी, रितिका कुमारी, राखी नयन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुति व धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



## सीवान में वज्रपात से महिला समेत चार लोगों की मौत से स्वजनों के रोने से माहौल हुआ गमगीन

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले के दारौंदा थाना के धनौता, उस्ती, महाराजगंज थाना क्षेत्र के सरेयां मठिया तथा जीबी नगर थाना क्षेत्र के फलपुरा में गुरुवार की दोपहर वज्रपात से हुई दो लोगों की मौत के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। वहीं आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। बताया जाता है कि दारौंदा थाना क्षेत्र के धनौता में मंटू महतो के पुत्र राजू कुमार घर के बाहर काम कर रहा था तभी तेज गरज के साथ हुई वर्षा के दौरान वज्रपात होने से घायल हो गया। स्वजन उसे इलाज के लिए महाराजगंज अनुमंडल अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना के बाद अस्पताल में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। राजू कुमार इसी वर्ष मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण हुआ था। वह दो बहन व दो भाई था। वह भाई में बड़ा था। उसकी एक बहन की शादी हो चुकी थी। पिता मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। घटना की सूचना मिलते ही स्वजनों एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों सहित काफी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से स्वजन को मुआवजा दिलाने की मांग की। थाना क्षेत्र के उस्ती गांव में वज्रपात से गांव के ही शिवजी महतो की पत्नी लवंग देवी की मौत हो गई। जब वह देर तक घर नहीं लौटी तो स्वजन उसकी खोजबीन शुरू किए। जब स्वजन खेत की ओर गए थे उसे खेत में ही मृत पाया। उसके बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। स्वजन घर लाकर उसका दाह संस्कार में जुट गए। वहीं महाराजगंज थाना क्षेत्र के सरेयां मठिया में वज्रपात हरेराम गिरि के पुत्र राकेश गिरि की मौत हो गई। बताया जाता है कि राकेश गिरि वर्षा के कारण खेत से काम कर घर लौट रहे थे तभी रास्ते में वज्रपात होने से घायल हो गए। स्वजन उन्हें इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाए जहां चिकित्सक द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। वहीं जीबी नगर के थाना क्षेत्र के फलपुरा निवासी वीरेंद्र यादव का पुत्र बबलू यादव की मौत व्रजपात से हो गई। बताया जाता है कि खेत से गेहूं का बोझा लेकर घर लौट रहा था तभी वज्रपात से घायल हो गया। स्वजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाए जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। बबलू यादव इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण किया था। उसकी मौत के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे।

## भगवान की कथा श्रवण और नाम जप से नहीं होती है अकाल मृत्यु -प्रियंका

**हसनपुरा(सिवान)-** प्रखंड के पकड़ी पंचायत के महुवल महाल स्थित मां दुर्गा मंदिर के प्रांगण में चल रहे आठ दिवसीय विष्णु महायज्ञ सह रामकथा के दौरान बुधवार की रात राम कथा का श्रवण कराते हुए साध्वी प्रियंका शास्त्री दीदी ने भगवान श्रीराम जी के प्राकट्य उत्सव की कथा सुनाई। उसने कहा कि हम और आप सोचते हैं कि भगवान धर्म की रक्षा के लिए आते हैं, लेकिन अगर भगवान धर्म के लिए आते तो भरत जी काफी थे, भगवान निशाचारों के संघार के लिए आते तो निशाचारों के नाश के लिए लक्ष्मण जी काफी थे, भगवान संतों के लिए आते तो संतों के लिए हनुमान जी काफी थे। भगवान केवल अपने भक्तों के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि राजा दशरथ के आंगन में चार-चार पुत्रों का जन्म हुआ, तत्पश्चात भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं का दर्शन कथा के द्वारा साध्वी दीदी जी ने कराते हुए कहा कि भगवान राम 12 कलाओं से परिपूर्ण थे, भगवान श्रीराम ने अपनी माता कौशल्या को बाल्यावस्था में ही विशाल रूप के दर्शन कराए, इसीलिए कराए ताकि दुनिया जान सके कि बाल रूप से सुंदर कोई भी रूप नहीं है, भगवान राम के जन्मोत्सव में भगवान भोले बाबा की जब परमात्मा धरती पर आता है तो सारे देवता धरती पर आते हैं दर्शन करने के लिए। केवल भगत लोग नहीं बल्कि भगवान भी किसी न किसी रूप में आते हैं।

## ट्रेनों का ठहराव व यात्री सुविधा उपलब्ध कराने को ले महाप्रबंधक ने भेजा प्रस्ताव

**दारौंदा (सिवान)।** सिवान सांसद विजय लक्ष्मी देवी के पहल पर पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने दारौंदा जंक्शन पर ट्रेनों का ठहराव एवं यात्री सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेजा है। प्रस्ताव में कहा गया है कि दारौंदा जंक्शन पर गाड़ी संख्या 11124 बरौनी- ग्वालियर एक्सप्रेस, 14618 अमृतसर- पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 18181 एवं 18182 थावे -टाटानगर एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12529 एवं 12530 पाटलिपुत्र - लखनऊ एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 15909 एवं 15910 डिब्रूगढ़ -लालगढ एक्सप्रेस की गाड़ियों के ठहराव का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया है। इसके अलावा दारौंदा रेलवे स्टेशन पर यात्री शेड का विस्तार करने की योजना तैयार कर कार्य को प्रस्तावित किया गया है। फिलहाल यहां प्लेटफार्म संख्या दो पर 142 वर्गमीटर में यात्री शेड उपलब्ध है। दारौंदा स्टेशन (एन एस जी-4) गैर उपनगरीय क्षेत्र -4 श्रेणी का स्टेशन है। रेलवे बोर्ड के मानक के अनुरूप सभी यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस स्टेशन पर यात्रियों के लिए शुद्ध पेयजल पीने के लिए चार टैप एवं पांच चापाकल उपलब्ध है। इसमें वृद्धि करने के लिए भेजा गया है। स्टेशन पर आरओ शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नीतिगत मामले है। दारौंदा जंक्शन पर 245 यात्रियों के लिए सीट उपलब्ध है। टिकट बुकिंग के लिए एक काउंटर एवं एक एटीवीएम उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त आरक्षण टिकट के लिए एक बुकिंग काउंटर उपलब्ध है। सांसद विजय लक्ष्मी देवी के पहल पर गोरखपुर के महाप्रबंधक द्वारा दारौंदा पर ट्रेनों का ठहराव एवं यात्रियों की सुविधाएं की मांग पर लोगों ने खुशी जताई है।

# विद्या भारती की तीन दिवसीय साधारण सभा आज से प्रारंभ, तैयारियां पूर्ण

**दैनिक खोज खबर/राजगीर, (10 अप्रैल 2025)।** तपस्वी श्री जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर, हसनपुर राजगीर में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की तीन दिवसीय साधारण सभा का शुभारंभ 11 अप्रैल से हो रहा है, जो 13 अप्रैल तक चलेगा। इस महत्त्वपूर्ण सभा में देशभर से 350 प्रतिनिधि भाग लेंगे। सभा के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि संत जीयर स्वामी जी महाराज होंगे, जबकि अध्यक्षता विद्या भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी. रामकृष्ण राव करेंगे। प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा ने जानकारी दी कि इस साधारण सभा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में कार्य विस्तार व गुणवत्ता विकास, तथा विद्या भारती के चार आयाम –



**विद्वत परिषद,शोध कार्य,संस्कृति बोध,पूर्व छात्र परिषद-** सहित दो दर्जन से अधिक केंद्रीय विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह एवं विद्या भारती के मार्गदर्शक डॉ. कृष्ण गोपाल की विशेष उपस्थिति रहेगी। विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया है, और देशभर से आए प्रतिनिधियों के भोजन एवं आवास की समुचित व्यवस्था भी यहीं की गई है।

**प्रतिनिधियों का आगमन प्रारंभ-**राजगीर में आयोजित इस साधारण सभा में शामिल होने हेतु विद्या भारती के केंद्रीय अधिकारी एवं देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिनिधि पहुँच चुके हैं।

## रामगढ़ पंचायत में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**सिसवन (सिवान) -**प्रखंड के रामगढ़ पंचायत के परमानंद नगर स्थित एक निजी भवन में गुरुवार को मुखिया की देखरेख में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें इस वर्ष बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 250 छात्र-छात्राओं को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत मुखिया चंदा भारती, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र भारती, पैक्स अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, प्रोफेसर मनोज तिवारी सहित मंचासीन अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्देश्य बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना है। बच्चों को सम्मानित होने से अन्य बच्चे भी प्रोत्साहित होते हैं, साथ ही समाज के लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि बच्चों से कहा कि मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में आपका उत्कृष्ट प्रदर्शन पहला पड़ाव है। इससे अति आत्मविश्वास में नहीं आ जाएं। आगे आपको करियर बनाना है। भविष्य में आपके ऊपर काफी जिम्मेदारियां भी आएंगी।प्रो. मनोज तिवारी ने कहा कि प्रतिभा सम्मान का आयोजन करना निश्चित रूप से मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि जीवन का उद्देश्य पूर्ण होना चाहिए। उन्होंने बच्चों को खान-पान आदि के लिए प्रोत्साहित किया। पैक्स अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने कहा कि यह सम्मान आपको भविष्य के लिए सचेत रहने का सम्मान है। आपका यह सम्मान व सफलता समाज के लोगों को प्रेरणा देने का काम करेगा। मंच का संचालन डा. अरविंद आनंद ने किया। इस मौके पर अमृता कुमारी, नंदनी कुमारी, मनीषा कुमारी, रानी कुमारी, अंशिका कुमारी, शिप्रा कुमारी, पप्पू पटेल, सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## चादरपोशी के साथ शहीद बाबा के उर्स ए पाक का समापन

**आंदर (सिवान) -** प्रखंड के पतार में हिंदू-मुस्लिम एकता कमेटी के तत्वावधान में बुधवार की रात नसरुद्दीन शाह शहीद बाबा उर्स ए पाक का आयोजन किया गया। इस मौके पर मजार पर चादरपोशी कर अमन चैन की दुआ मांगी गई। इस दौरान कव्वाल दिलवर शाबरी बनाम रीना परवीन वारसी के बीच कव्वाली मुकाबला हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा महादलित प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज कुमार राम, पतार मुखिया प्रतिनिधि अरविंद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। साथ ही मुख्य अतिथियों ने कव्वालों को माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर काफी संख्या में हिंदू-मुस्लिम समाज के लोगों ने शिरकत की। गाजे-बाजे के साथ मजार पर चादर चढ़ाने के बाद बाजार का भ्रमण किया तथा मजार पर माथा टेक कर मन्नतें मांगी। उर्स कमेटी के अध्यक्ष कूदन मियां ने बताया कि इस मजार पर आने वाले सभी भक्तों की मुरादें पूरी होती हैं। यह मजार हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक है। इस दौरान पूर्व जिला पार्षद शीतल पासवान, विनोद यादव, बीडीसी नूर आलम, खुर्शीद, इकबाल अहमद, भंडोला, चांद मियां, रमजान मियां, बबलू मियां, आशिक मियां समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**युवक ने ईट से मारकर पूर्व मुखिया का सिर फोड़ा : सिवान ।** असांव बाजार में बुधवार की रात एक युवक ने ईंट से प्रहार कर पूर्व मुखिया का सिर फोड़ दिया। घायल पूर्व मुखिया रामनाथ साह का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। इस मामले में गुरुवार की सुबह असांव बाजार निवासी पूर्व मुखिया ने असांव थाना में आवेदन देकर असांव निवासी परमात्मा तिवारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा है कि मैं बुधवार की रात घर से बाजार में अपने मार्केट में सोने के लिए जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में असांव बाजार निवासी परमात्मा तिवारी गाली गलौज करने लगा। जब मैं मना किया तो वह जान से मारने की धमकी देते हुए ईंट से मारकर मेरा सिर फोड़ दिया। घटना की सूचना डायल 112 को दी गई। इसके बाद पुलिस आने के पूर्व वह फरार हो गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजशेखर ने बताया कि आवेदन मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

## पुलिस टीम पर हमला मामले में प्राथमिकी

**जीरादेई (सिवान)** थाना क्षेत्र के अनंतनाथ धाम मंदिर अकोल्ही परिसर में बुधवार की शाम शराब बरामद करने तथा शराबी को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। इस मामले में थाना में पदस्थापित पीएसआइ राजीव रौशन के आवेदन पर 11 नामजद व अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी की गई है। थानाध्यक्ष सोनी कुमारी ने मुकदमा ने बताया कि पीएसआइ राजीव रौशन के आवेदन पर प्राथमिकी की गई है। मंदिर परिसर में लगे सीसी फुटेज के आधार पर 11 नामजदों और अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी की गई है। इसमें धर्मेंद्र सहानी, पिंटू सहानी, अमरजीत राम, अशोक राम, छोटक सहानी, रमेश सिंह, सोनू कुमार, विक्रम सहनी समेत 11 को नामजद एवं अन्य अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी की गई है। प्राथमिकी करने के साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही मामले में शामिल आरोपितों को गिरफ्तार लिया जाएगा। ज्ञात हो बुधवार की शाम अनंतनाथ धाम अकोल्ही के परिसर में पुलिस शराबियों को पकड़ने के लिए पहुंची थी। पुलिस की गाड़ी पहुंचते ही वहां मौजूद शराबी भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने दौड़ाकर एक शराबी को पकड़ा और उसे गाड़ी में लाकर बैठाया। गाड़ी में शराबी को बैठाए जाने के कुछ क्षण के बाद ही पकड़े गए शराबी के स्वजन तथा ग्रामीण पहुंचकर पुलिस के साथ गाली-गलौज करते हुए गाड़ी से शराबी को खींचने लगे। इस दौरान विरोध करने पर पुलिस के साथ मारपीट की जिसमें एक जवान को गंभीर चोटें आई। वहीं पुलिस दल पर हमला करने वाले धर्मेंद्र साहनी व अन्य लोग शराबी को छुड़ाने में सफल रहे। इस घटना की पूरी वारदात का वीडियो अनंत नाथ धाम मंदिर पर लगे सीसी कैमरे में भी कैद हुआ है।

# सदर अस्पताल परिसर में जल्द ही क्षेत्रीय यक्ष्मा केंद्र का होगा निर्माण

### 30 बेड वाले यक्ष्मा विभाग में मिलेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

**दैनिक खोज खबर/सिवान, (10 मार्च)।** विगत 04 अप्रैल को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय के द्वारा सदर अस्पताल परिसर स्थित 39 बेड वाले पीकू वार्ड के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान यक्ष्मा विभाग की समीक्षा के दौरान यक्ष्मा के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुबिधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्षेत्रीय यक्ष्मा केन्द्र का निर्माण सिवान जिले में किए जाने का निर्देश दिया था। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि सूबे के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय का मानना है कि कि राज्य में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बेहतर चिकित्सा सेवा एवं आधारभूत संरचना को स्थापित करने के लिए कृत संकल्पित है। जिसको लेकर जल्द ही सिवान में क्षेत्रीय यक्ष्मा केंद्र को भवन मिलने वाला है। जिसके लिए सभी प्रकार की आवश्यक कार्यों को पूरा किया जा रहा है। क्योंकि टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत पहचान, निदान और उसका उचित प्रबंधन का होना आवश्यक होता है। क्योंकि यक्ष्मा बीमारी एक प्रकार से संक्रामक रोग है, लेकिन सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में उपचार से संबंधित प्रबंधन का होना बेहद जरूरी होता है। जहां पर विशेष रूप से हर तरह की सुविधाओं से परिपूर्ण होना लाजिमी होता है। यदि किसी अस्पताल में 30 बेड वाला यक्ष्मा विभाग स्थापित किया जा रहा है, तो उसमें कुछ मूलभूत और विशेष सुविधाएं होना अनिवार्य है, ताकि मरीजों को बेहतर देखभाल मिल सके और संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण हो सके। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अपर निदेशक सह यक्ष्मा विभाग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ बाल कृष्ण मिश्र के द्वारा परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक, बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड को विभागीय मंत्री के द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है।

जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार का कहना है कि संपूर्ण सुविधाएं एक 30 बेड वाले यक्ष्मा विभाग को प्रभावी बनाती हैं, क्योंकि टीबी मुक्त अभियान को एक छत के नीचे सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं इस कड़ी को मजबूत करती हैं।

**हालांकि यक्ष्मा विभाग में अलग- अलग वार्ड होने चाहिए, जैसे** - सामान्य टीबी मरीजों के लिए, मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट (ख्ठ्क्र-ञ्क्ष्) मरीजों के लिए और गंभीर स्थिति वाले रोगियों के लिए हाई डिपेंडेंसी यूनिट (॥ष्ठ)। हर बेड के पास ऑक्सीजन सप्लाई की सुविधा, बायोमेडिकल वेस्ट डिस्पोजल सिस्टम और पर्याप्त रूप वेंटिलेशन होना चाहिए। इसके अलावा डिजिटल एक्स-रे मशीन, सीबी-नैट (ष्ठक्च्-ङ्कञ्ज) और ट्रूनैट जैसी अत्याधुनिक जांच सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि मरीजों की जल्द और सटीक पहचान कराने के किसी प्रकार से कोई दिक्कत या परेशानियों का सामना करना नहीं पढ़ें। वहीं प्रयोगशाला में बलगम जांच, खून की जांच और अन्य आवश्यक परीक्षण की सुविधा भी होनी चाहिए। लेकिन सबसे अहम बात यह है कि टीबी मरीजों के लिए पोषण भी उपचार का अहम हिस्सा होता है, इसलिए पोषणयुक्त आहार की व्यवस्था, डाइटिशियन की सलाह और काउंसलिंग की सुविधा अनिवार्य रूप से होना चाहिए। मरीजों और उनके परिजनों को यक्ष्मा से संबंधित रोग के बारे में जानकारी देने के लिए स्वास्थ्य शिक्षा और उचित परामर्श काउंटर होना चाहिए। इसके अलावा विभाग में प्रशिक्षित चिकित्सक, नर्स, फार्मासिस्ट और लैब टेक्नीशियन की पर्याप्त संख्या होनी चाहिए। साथ ही मरीजों की गोपनीयता बनाए रखने और उन्हें सामाजिक भेदभाव से बचाने के लिए संवेदनशील वातावरण का निर्माण आवश्यक है।

